‘ट्रांसलेशनल यूज़ ऑफ नैनोवेसीकल्स: रोल इन कैंसर डायग्नोस्टिक्स एंड थेराप्यूटिक्स’ विषय पर एक विशिष्ट अतिथि व्याख्यान

दिनांक 27-04-2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय के अंतर्गत जैव प्रौद्योगिकी विभाग में “ट्रांसलेशनल यूज़ ऑफ नैनोवेसीकल्स: रोल इन कैंसर डायग्नोस्टिक्स एंड थेराप्यूटिक्स” विषय पर एक विशिष्ट अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सुनील सिंह के मार्गदर्शन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार दुबे के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गिरिजेश कुमार पटेल, सहायक प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. पटेल ने कैंसर निदान और उपचार में नैनोवेसीकल्स की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से अग्न्याशय और पित्ताशय जैसे अत्यंत घातक कैंसरों की प्रारंभिक अवस्था में स्क्रीनिंग और पहचान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इन कैंसरों की समय रहते पहचान होने पर उपचार की सफलता दर में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।